# जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय कोटा
# राष्ट्रीय सेवा योजना

## रा.से.यो. स्थापना दिवस व 3 दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम

दिनांक 24.09.2022 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में रा.से.यो. इकाई – प्रथम व द्वितीय के द्वारा रा.से.यो.के 53 वा स्थापना दिवस मनाया गया, साथ ही ३ दिवसीय रा.से.यो. ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी का भी शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री यज्ञदत्त हाडा (पूर्व मंडल सचिव), विशिस्ट अतिथि डॉ रघुराज परिहार( सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा), डॉ विवेक मिश्रा (जिला समन्यक रा.से.यो.), प्राचार्य डॉ संजय भार्गव, वरिष्ट संकाय सदस्य डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ सरस्वती अग्रवाल, डॉ गुरमीत सिंह, सुश्री प्रीती बैरवा (प्रभारी NSS unit 1), डॉ विकास जांगिड (प्रभारी NSS unit 1) , छात्रासंघ अद्यक्ष अंजलि मीना व स्वयंसेवक उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास जांगिड़ के द्वारा किया गया तथा उन्होंने नवागंतुक छात्राओं को अवगत कराया कि महाविद्यालय में एनएसएस की दो इकाई संचालित है। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. मिश्रा ने स्वयंसेविकाओं का अनुमोदन करते हुए कहां की स्वयंसेवक बनने की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब आप समाज और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक योगदान देने हेतु हमेशा तत्पर रहेंगे। डॉ परिहार ने अपने उद्बोधन में बताया कि देश के विकास में युवाओं का सबसे बड़ा योगदान है। इसका प्रयास सबसे पहले महात्मा गांधी जी ने आजादी से पहले ही प्रारंभ कर दिया था, उन्होंने युवाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना से जोड़ने पर विशेष बल दिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री हाड़ा जी ने एनएसएस का देह वाक्य “स्वयं से पहले आप” की व्याख्या करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम है। इसकी मदद से आप अपने आसपास के लोगों को जागरूक कर सकते हो।उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से युवा छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के प्राथमिक उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना को शुरू किया गया था। एनएसएस इकाइयां उस गतिविधियों का आयोजन कर सकती है, जो समुदाय के लिए प्रासंगिक है। समुदाय की जरूरतों के अनुसार गतिविधियों में शिक्षा और साक्षरता, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और पोषण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सेवा, कार्यक्रम महिलाओं की स्थिति में सुधार, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान, डिजिटल भारत, कौशल भारत, योग इत्यादि जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता पैदा करना आदि शामिल है। प्राचार्य महोदय ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए छात्राओं को आयोजित होने वाली वर्ष पर्यंत गतिविधियों व विभिन्न शिविरों में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। छात्र संघ अध्यक्ष सुश्री अंजलि मीणा जो कि इस महाविद्यालय की पूर्व स्वयंसेविका थी, ने भी अपने अनुभव छात्राओं के साथ साझा किए।अंत में सुश्री प्रीति बेरवा एनएसएस प्रभारी इकाई प्रथम के द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के द्वारा किया गया।










# एनएसएस चरित्र और व्यक्तित्व निखारता है: हाड़ा



**संदेश न्यूज। कोटा.**

राजकीय जेडीबी महाविद्यालय में एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 53वां एनएसएस स्थापना दिवस एवं आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चाइल्ड हेल्प निदेशक व पूर्व मंडल सचिव यज्ञदत्त हाडा, विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा डॉ. रघुराज परिहार एवं एनएसएस जिला समन्वयक डॉ. विवेक मिश्रा और कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से युवा छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के प्राथमिक उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना को शुरू किया गया था। एनएसएस व्यक्ति के चरित्र ओर व्यक्तित्व को निखारता है, एनएसएस इकाइयां उस गतिविधि का आयोजन कर सकती है, जो समुदाय के लिए प्रासंगिक है। समुदाय की जरूरतों के अनुसार गतिविधियों में शिक्षा और साक्षरता, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और पोषण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सेवा कार्यक्रम, महिलाओं की स्थिति में सुधार, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान, डिजिटल भारत, कौशल भारत, योग इत्यादि जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता पैदा करना आदि शामिल है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर व्याख्यान



**संदेश न्यूज। कोटा.** राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक निदेशक कोटा डॉ. रघुराज परिहार तथा विशिष्ट अतिथि राजकीय महाविद्यालय में सह आचार्य व एनएसएस के जिला समन्वयक डॉ.विवेक कुमार मिश्र रहे। डॉ.रघुराज परिहार ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के कर्तव्य उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य वक्ता डॉ.विवेक कुमार मिश्र ने बताया कि एन.एस.एस. की स्थापना 24 सितबंर 1969 को की गई। एनएसएस का आदर्श वाक्य 'मैं नहीं आप' है। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार ने छात्रों को महाविद्यालय के सौन्दर्य एवं स्वच्छता को बनाए रखने के लिए श्रमदान किया जाएं, साथ ही एन.एस.एस का अकेडमिक में योगदान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.रामलक्ष्मण सैनी सहायक आचार्य एनएसएस प्रभारी यूनिट द्वितीय द्वारा किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुमन शर्मा, सह आचार्य एवं संकाय सदस्य, छात्र प्रतिनिधि अध्यक्ष आशीष मीणा एवं उपाध्यक्ष स्वेदशा सिंह तथा महाविद्यालय के एन.एस.एस. के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## कॉमर्स कॉलेज के कायाकल्प करवाने की मांग

**संदेश न्यूज। कोटा.** राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय के छात्रों ने शनिवार को प्राचार्या को कॉलेज की वर्षों पुरानी चलती आ रही समस्या को लेकर ज्ञापन दिया। मुख्य रूप से महाविद्यालय के नवीनीकरण को लेकर मांग रखी गई। छात्र नेता दीपांशु पारेता ने बताया कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत सभी पुराने महाविद्यालय का नवीनीकरण कराया जा रहा है, परंतु कॉमर्स को पूरी तरह अलग थलग कर रखा है, जो कि यह कॉलेज कॉमर्स का संभाग में सबसे बड़ा कॉलेज है। अभी तक कॉलेज में कोई भी नवीनीकरण का कार्य नहीं हुआ है। यह महाविद्यालय शहर के उस क्षेत्र में है, जहां कोचिंग संस्थान संचालित हो रही है। यहां से महाविद्यालय कोटा के सभी मुख्य मार्गों के आवागमन रास्ता है और महाविद्यालय में शिक्षकों के खाली पदो की मांग को लेकर भी ज्ञापन दिया गया। छात्रसंघ उपाध्यक्ष केशव दीक्षित, संयुक्त सचिव सीमा दीक्षित, वरिष्ठ छात्रनेता राम सोनी, विनायक, सोनू, नवीन, कार्तिक, अभिषेक, जयेश, निक्कू, अनिकेत, समस्त छात्र उपस्थित रहे।

प्राचार्य
जा. दे. ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा